**Jawaharlal Nehru Smriti Government Post-Graduate College, Shujalpur**
**District Shajapur (M.P.)**
**Accredited 'B' grade by NAAC**
**Email: hegjnscshushg@mp.gov.in** **Phone No. 07360-244358**
**Website: https://jnspgcollegeshujalpur.org**

7.1.4: Institutional efforts/initiatives in providing an inclusive environment i.e., tolerance and harmony towards cultural, regional, linguistic, communal socioeconomic and Sensitization of students and employees to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens.

## INDEX


| S. No. | Details | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | **Institutional efforts/initiatives photographs** | **1-2** |
| 2 | **List of activities of Department of Law** | **3-5** |
| 3 | **News Paper articles** | **6-30** |

**Institutional efforts/initiatives in providing an inclusive environment i.e., tolerance and harmony towards cultural, regional, linguistic, communal socioeconomic and other diversities**



दैनिक भास्कर शाजापुर 11-03-2022

कॉलेज प्रोफेसर ने छात्र- छात्राओं को अध्ययन के लिए दी पुस्तकें

अध्ययन हेतु पुस्तक प्रदान करते प्रो.कुसुम जाजू

शुजालपुर। शासकीय जेएनएस महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की प्रो. कुसुम जाजू व सहयोगियों ने छात्र-छात्राओं को अध्ययन के लिए निःशुल्क पुस्तकें प्रदान की। कॉलेज के विद्यार्थी रोहित, गायत्री, नेहा, अर्चना, आरती को पुस्तकें प्रदान की गई। दो वर्षों से विभाग की ओर से यह कार्य किया जा रहा है। सोमवार को महाविद्यालय में इस आयोजन में राहुल, सतीश, हेमंत, ओमप्रकाश, शिवानी, रजनी, टीना, दीपिका ने भी सहयोग प्रदान किया।

- **Economically weak students were distributed books free-of-cost.**




- **NSS camp at village Bheel Khedi**



नाटक से बाल संरक्षण के विरुद्ध युवाओं को किया जागरूक

लोकहित की पुकार ■ शुजालपुर

- **Street-play to create awareness about Child Protection**



भूगोर में आयोजित हो रहा राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर

व्यक्तित्व विकास के लिए समाज से जुड़कर कार्य करें

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

शाजापुर पत्रिका फेसबुक पेज

- **NSS camp in village Bhugour**


पत्रिका नसरुल्लागंज. आष्टा

राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता होगी

# छात्र- छात्राओं को प्रतियोगिता के लिए किया गया जागरूक

- **National Voter Awareness program to acquaint students about election process**




- **Participation of college students in "Largest Display of Oil Lamps" at Ujjain (M.P.) on March 1st 2022**

**Jawaharlal Nehru Smriti Govt. P.G. College,Shujalpur,Dist.Shajapur (M.P.)**

**Department of Law**

**Special Lectures Details (Online and Offline)**

| S. No. | Date | Topic | Speaker |
|---|---|---|---|
| 1 | 30/10/2021 | Mental wellness : Post Covid | Dr. DharmendraPrajapati, MD, psychiatry, M.Y. Hospital, Indore |
| 2 | 24/11/2021 | How to improve oratory skills? | Adv. KunalBhawar, High Court, Indore |
| 3 | 26/11/2021 | Indian Constitution | ADJ RupamVedi, Sessions Court, Shujalpur |
| 4 | 03/12/2021 | Police system in M.P. | SDOP Vijay Shankar Dwivedi, Police Department , Shujalpur |
| 5 | 10/12/2021 | Human Rights | Adv. Dinesh Vyas, Sessions Court, Shujalpur |
| 6 | 25/01/2022 | Civil Procedure | Adv. K. K. Tiwari, Sessions Court, Shujalpur |
| 7 | 28/01/2022 | Procedure of Criminal Cases | Adv. Himmat Singh Parmar, Sr. adv. Sessions Court, Shujalpur |
| 8 | 08/03/2022 | International Womens Day | ADJ Harish Vanvanshi |
| 9 | 15/03/2022 | Orientation on Youth Parliament | Dr.Sanjay Mishra |
| 10 | 31/03/2022 | Youth Parliament | ADJ Sharad Kumar Gupt and other judges of Shujalpur court ,SDOP SatishMalviya |

**Jawaharlal Nehru Smriti Govt. P.G. College,Shujalpur,Dist.Shajapur (M.P.)**
**Department of Law**
**Legal Aid Clinic Extension Activities Details**

| S. No. | Date | Topic | Place | In collaboration with |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 21/10/2021 | Legal awareness Camp | Shujalpur | TahsilVidhikSahayataSamiti, Shujalpur |
| 2 | 09/11/2021 | legal awareness Vehicle Rally | Shujalpur | TahsilVidhikSahayataSamiti, Shujalpur |
| 3 | 02/10/2021 to 14/11/2021 | Mega Legal Awareness Camp | Various Places | TahsilVidhikSahayataSamiti, Shujalpur |
| 4 | 23/01/2022 | Legal awareness Camp | Village Bhugor | Legal Aid Clinic |

**Jawaharlal Nehru Smriti Govt. P.G. College,Shujalpur,Dist.Shajapur (M.P.)**
**Department of Law**
**Competitions For Students**

| S. No. | Date | Topic | Competition |
|---|---|---|---|
| 1 | 20/02/2020 | Social Justice Day | Speech, Slogan, Poster |
| 2 | 09/11/2020 | Legal services Day | Quiz (Online) |
| 3 | 13/11/2021 | Our Fundamental Rights | Speech |
| 4 | 09/11/2021 | Legal services Day | Quiz (Online) |

**Jawaharlal Nehru Smriti Govt. P.G. College,Shujalpur,Dist.Shajapur (M.P.)**

**Department of Law**

**Innovations For Students**

| S. No. | Innovations |
|---|---|
| 1 | Pre University test |
| 2 | Parents teacher Meeting |
| 3 | Educational Tour |
| 4 | Special Lectures for practical knowledge |
| 5 | Blood Donation Drives |
| 6 | Mask Distribution |
| 7 | Youth Parliament |

### शासकीय महाविद्यालय में हुआ आकर्षक मंचन

# युवा संसद का उद्देश्य युवाओं को लोकहित मुद्दों से जोड़ने प्रोत्साहित करना



**शुजालपुर.** मंचन करते छात्र।

**शुजालपुर @ पत्रिका.** जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय कॉलेज के छात्रों ने महाविद्यालय के अटल भवन में युवा संसद का मंचन किया। अतिथि अपर सेशन न्यायाधीश शरद कुमार गुप्त, हरीश वानवंशी, न्यायाधीश विष्णु दुबे, एसडीओपी संदीप मालवीय थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। नए सांसद को शपथ दिलाई गई। प्रश्न काल के मंचन में विभिन्न सांसदों के रूप में छात्रों द्वारा ज्वलंत प्रश्न पूछे गए। जिनका सत्ता पक्ष का अभिनय कर रहे विद्यार्थियों द्वारा उत्तर दिया गया।

रेल मंत्रालय से संबंधित विषयों पर विपक्ष द्वारा ध्यान आकर्षण किया गया व अंत में संसद में व्यवधान होने पर अनिश्चितकाल के लिए सदन की कार्रवाई स्थगित की गई। मुख्य अतिथि शरद गुप्त ने कहा कि युवा संसद का उद्देश्य युवाओं को लोकहित के मुद्दों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। न्यायाधीश हरीश वानवंशी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करते हैं। न्यायाधीश विष्णु दुबे ने छात्रों को जीवन के क्षेत्र में नवीन कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। एसडीओपी मालवीय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में नवीन उत्साह का संचार करते हैं। विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने कहा कि यह कार्यक्रम पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ भोपाल द्वारा प्रायोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को संसदीय परंपरा ,की जानकारी देना है। इस मंचन के माध्यम से छात्रों ने महाविद्यालय परिसर में लोकसभा को साकार किया है। विधि विभाग के कृष्णवल्लभ विश्वकर्मा ने संसदीय इतिहास को बताते हुए लोकतंत्र में युवा संसद व अन्य गतिविधियों का महत्व बताया। इस अवसर पर प्रो.डॉ संजय कुमार मिश्रा, प्रो.राजकुमार साहू उपस्थित थे।

भोपाल, शनिवार 2 अप्रैल 2022
haribhoomi.com
हरिभूमि 06

# छात्रों ने युवा संसद का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

विधि विभाग, जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों द्वारा महाविद्यालय के अटल भवन में युवा संसद का आकर्षक मंचन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अपर सेशन न्यायाधीश गण शरद कुमार गुप्त, हरीश वानवंशी, न्यायाधीश विष्णु दुबे, एसडीओपी संदीप मालवीय, शुजालपुर बार अध्यक्ष अधिवक्ता अजय पाल सिंह जादौन उपस्थित रहे। अभिभाषक जीतेन्द्र गुरेनिया, मांगीलाल परिहार , हिम्मत सिंह राजपूत, अशोक तिवारी ,जयप्रकाश मीणा, निर्देश नेमा, भूपेंद्र सोनी आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रांचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा द्वारा की गयी। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन अर्चन से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ इस कार्यक्रम में छात्रों ने मंच पर संसद को साकार कर दिया। युवा संसद मंचन की कार्यवाही का प्रारम्भ वन्दे मातरम गान के साथ प्रारम्भ हुआ तत्पश्चात नए सांसद को शपथ दिलाई गई। सदस्य के निधन पर शोक व्यक्त कर सदन की कार्यवाही स्थगित की गयी। नए मंत्रियों का परिचय सदन से करवाया गया। तत्पश्चात प्रश्न काल के मंचन में विभिन्न सांसदों के रूप में छात्रों द्वारा ज्वलंत प्रश्न जैसे महंगाई, महिलाओ के प्रति अपराध, महामारी कोरोना एवं रेलवे से सम्बंधित प्रश्न पूछे गए जिनका सत्ता पक्ष का अभिनय कर रहे विद्यार्थियों द्वारा उत्तर दिया गया। तत्पश्चात रेल मंत्रालय से सम्बंधित विषयों पर विपक्ष द्वारा ध्यान आकर्षण किया गया एवं अंत में संसद में व्यवधान होने पर अनिश्चित काल के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित की गयी इस तरह मंचन पूर्ण हुआ। मुख्य अतिथि



शरद गुप्त ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा संसद का उद्देश्य युवाओं को लोकहित के मुद्दों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने सक्षम और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए संविधान के भाग 4 को अपंने व्यक्तिगत एवं सावर्जनिक जीवन चर्या का अंग बनाया जाने पर जोर दियो न्यायाधीश श्री हरीश वानवंशी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करते है। न्यायाधीश विष्णु दुबे ने अपने उदबोधन में छात्रों को जीवन के क्षेत्र में नवीन कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। एसडीओपी मालवीय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में नवीन उत्साह का संचार करते है, जिनसे जीवन में आगे बढ़ने में उन्हें सहयता मिलती है।

स्वदेश

■ फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा ■ संवत् 2078 ■ शुक्रवार, 18 मार्च 2022

# युवा संसद के मंचन की तैयारी

शुजालपुर● जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा युवा संसद का मंचन किया जा रहा है। इस हेतु छात्रों को प्रारंभिक जानकारी देने के लिए एक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. संजय मिश्रा ने उपस्थित छात्रों को भारतीय संसदीय प्रणाली से परिचित कराने हेतु सारगर्भित उद्बोधन दिया। संसद किस प्रकार कार्य करती हैं बैठक व्यवस्था कैसी होती है विधेयक कैसे पेश किए जाते हैं आदि जानकारी प्रदान की गई। विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने छात्रों को संसद की व्यवस्था एवं पद्धति पर जानकारी दी। साथ ही बताया कि यह कार्यक्रम पं. कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय संस्थान, भोपाल के द्वारा प्रायोजित है इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को संसदीय व्यवस्था और परंपरा से परिचित कराना है।

14 नवदुनिया
भोपाल, शुक्रवार 18 मार्च, 2022

# महाविद्यालय में युवा संसद के मंचन की हो रही है तैयारी



युवा संसद की तैयारियों को लेकर छात्रों को जानकारी देते हुए। ● नवदुनिया

**शुजालपुर (नवदुनिया न्यूज)।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के विधि विभाग द्वारा युवा संसद का मंचन किया जा रहा है। इस हेतु छात्रों को प्रारंभिक जानकारी देने के लिये एक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डा संजय मिश्रा ने उपस्थित छात्रों को भारतीय संसदीय प्रणाली से परिचित कराने हेतु सारगर्भित उद्बोधन दिया।

संसद किस प्रकार कार्य करती हैं बैठक व्यवस्था कैसी होती है, विधेयक कैसे पेश किये जाते हैं आदि मुख्य जानकारी छात्र छात्राओं को प्रदान की गई। विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने छात्रों को संसद की व्यवस्था एवं पद्धति पर जानकारी दी। साथ ही बताया कि यह कार्यक्रम पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय संस्थान भोपाल के द्वारा प्रायोजित हैं। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को संसदीय व्यवस्था और परंपरा से परिचित कराना है। इस कार्यक्रम की तैयारी हेतु छात्रों को युवा संसद की एक रिकॉर्डिंग भी दिखाई गई।

कार्यक्रम में विधि विभाग के राजकुमार साहू एवं कृष्णवल्लभ विश्वकर्मा द्वारा भी छात्रों को जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डा. राजेश कुमार शर्मा के दिशानिर्देशन में इस युवा संसद का मंचन मार्च माह के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा।

# महाविद्यालय में युवा संसद के मंचन की हो रही तैयारी



युवा संसद की तैयारियों को लेकर छात्रों को जानकारी दी।

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय महाविद्यालय विधि विभाग द्वारा युवा संसद का मंचन मार्च माह के अंतिम सप्ताह में किया जाना है।छात्रों को प्रारंभिक जानकारी देने के लिए एक सत्र का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.संजय मिश्रा ने उपस्थित छात्रों को भारतीय संसदीय प्रणाली से परिचित कराते हुए संसद किस प्रकार कार्य करती हैं बैठक व्यवस्था कैसी होती है.। विधेयक कैसे पेश किये जाते हैं आदि मुख्य जानकारी छात्र छत्राओं को प्रदान की गई। विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने छात्रों को संसद की व्यवस्था एवं पद्धति पर जानकारी दी। साथ ही बताया कि यह कार्यक्रम पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय संस्थान भोपाल के द्वारा प्रायोजित है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को संसदीय व्यवस्था और परंपरा से परिचित कराना है। इस कार्यक्रम की तैयारी हेतु छात्रों को युवा संसद की एक रिकॉडगि भी दिखाई गई। कार्यक्रम में विधि विभाग के राजकुमार साहू एवं कृष्णवल्लभ विश्वकर्मा द्वारा भी छात्रों को जानकारी प्रदान की गई कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.राजेश कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में युवा संसद का मंचन मार्च माह के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा।

**निशुल्क लायसेंस बनाने की प्रक्रिया जारी: खाचरौद।** रेलवे स्टेशन स्थित कांग्रेस कार्यालय में निशुल्क ड्राइविंग लायसेंस बनाने की व्यवस्था की गई है। विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने महिला दिवस पर यह व्यवस्था की थी। लायसेंस बनाने की प्रक्रिया वर्तमान में निरंतर जारी है।




डिस्ट्रिक्ट अपडेट

# संसदीय प्रणाली से कॉलेज के छात्रों को अवगत कराया



**शुजालपुर.** सेमीनार में उपस्थित छात्र व अन्य।

**शुजालपुर @ पत्रिका.** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय कॉलेज शुजालपुर के विधि विभाग द्वारा युवा संसद का मंचन किया जा रहा है। इसके लिए छात्रों को प्रारंभिक जानकारी देने के लिए एक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. संजय मिश्रा ने उपस्थित छात्रों को भारतीय संसदीय प्रणाली से परिचित कराने के लिए सारगर्भित उदबोधन दिया। संसद किस प्रकार कार्य करती हैं, बैठक व्यवस्था कैसी होती है, विधेयक कैसे पेश किए जाते हैं आदि जानकारी प्रदान की गई। विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने छात्रों को संसद की व्यवस्था व पद्धति पर जानकारी दी। साथ ही बताया कि यह कार्यक्रम पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय संस्थान भोपाल के द्वारा प्रायोजित है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को संसदीय व्यवस्था और परंपरा से परिचित कराना है। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए छात्रों को युवा संसद की एक रिकॉर्डिंग भी दिखाई गई। कार्यक्रम में विधि विभाग के राजकुमार साहू, कृष्णवल्लभ विश्वकर्मा द्वारा भी छात्रों को जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में इस युवा संसद का मंचन मार्च माह के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा।

दैनिक भास्कर
भोपाल, शुक्रवार, 11 मार्च, 2022 17

# महिलाएं हाउस वाइफ नहीं बल्कि हाउस मैनेजर हैं: अपर सत्र न्यायाधीश

**भास्कर संवाददाता | शुजालपुर**

महिलाओं को अन्य महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। साथ ही महिलाओं को हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ रहकर तरक्की करनी चाहिए। वर्तमान युग में महिला हाऊस वाइफ नहीं हैं बल्कि हाऊस मैनेजर हैं। वे हर क्षेत्र में अपनी भूमिका बखूबी निभा रही हैं। यह बातें विधि विभाग जवाहरलाल नेहरू स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अपर जिला व सत्र न्यायाधीश हरीश वानवंशी ने कहीं। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ अभिभाषक जितेन्द्र सिंह गुरेतिया उपस्थित रहे। सामाजिक सरोकार का निर्वहन करते हुए विभाग द्वारा सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाह व स्वास्थ्य विभाग से सुनीता पाटीदार को सम्मानित किया गया। साथ ही रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरत जया माहेश्वरी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने धार्मिक ग्रन्थों में महिलाओं के प्रति लिखी गईं बातों की सकारात्मक व्याख्या की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति कहीं गई नकारात्मक बातें कुछ गलत विचार रखने वाले लोगों द्वारा की गई हैं न कि सम्पूर्ण समाज द्वारा। वे पुरुषों से कमतर नहीं हैं। संचालन ऋतु त्रिवेदी ने किया तथा आभार डॉ. संजय मिश्रा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राध्यापक राजकुमार साहू, केवी विश्वकर्मा मौजूद थे।

स्वदेश

■ फाल्गुन शुक्ल 8 ■ संवत् 2078 ■ गुरुवार, 10 मार्च 2022

# विधि विभाग ने किया महिलाओं को सम्मानित

**शुजालपुर ● स्वदेश समाचार** जवाहरलाल नेहरू स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के विधि विभाग ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सत्र न्यायालय शुजालपुर के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश वानवंशी उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ अभिभाषक जितेंद्र सिंह गुरेनिया की उपस्थिति रही।



इस कार्यक्रम में सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते हुए विभाग द्वारा सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाह व स्वास्थ्य विभाग की सुनीता पाटीदार को सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर के जरिए रक्त संचय कार्य में प्रमुख योगदान के लिए जया माहेश्वरी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की आराधना से हुआ। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य ने किया। वरिष्ठ अभिभाषक गुरेनिया ने अपने उद्बोधन में विभिन्न सेवा क्षेत्रों में महिलाओं की सफलता से जुड़े प्रसंग साझा किए। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि अपर सत्र न्यायाधीश वानवंशी ने महिलाओं से अन्य महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने की जरूरत को महत्वपूर्ण माना। उन्होंने कहा कि आज की महिलाओं को हाऊस वाईफ नहीं बल्कि हाउस मैनेजर कहा जाना चाहिए। वे हर क्षेत्र में अपनी भूमिका बखूबी निभा रही हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. शर्मा ने धार्मिक ग्रन्थों में महिलाओं के सम्मान के प्रति उल्लेखित तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए उसकी व्याख्या की। उन्होंने कहा कि महिलाएं पुरुषों से कमतर नहीं हैं। विधि विभाग ने आंगनबाड़ी से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों, लिंगानुपात बढ़ाने की दिशा में प्रेरक कार्य के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाह एवं कोविड के दौर में प्रदान की गईं उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवाओं के लिए सुनीता पाटीदार को सम्मानित किया। महाविद्यालय विधि संकाय विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया। आभार प्रदर्शन डॉ. संजय मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विधि विभाग के प्राध्यापक राजकुमार साहू, प्रो. केवी विश्वकर्मा, खूब सिंह कुशवाह, मुकेश मालवीय सहित विधि विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे।

14 नईदुनिया
इंदौर, गुरुवार 10 मार्च, 2022

# विधि विभाग ने किया महिलाओं को सम्मानित

शुजालपुर। जवाहरलाल नेहरू स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय विधि विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मंगलवार को महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सत्र न्यायालय शुजालपुर के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश वानवंशी उपस्थित थे। विशेष अतिथि वरिष्ठ अभिभाषक जितेन्द्रसिंह गुरेनिया थे।

सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते हुए विभाग द्वारा सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाह व स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सुनीता पाटीदार लोगो को रक्तदान के लिए प्रेरित करने वाली काउंसलर जया माहेश्वरी को शिल्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की । मुख्य अतिथि अपरसत्र न्यायाधीश वानवंशी ने महिलाओ को अन्य महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने को महत्वपूर्ण बताया।साथ ही महिलाओं को हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ रहकर तरक्की करने की बात कही। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. शर्मा ने धार्मिक ग्रन्थों में महिलाओं के प्रति लिखी गई बातों की सकारात्मक व्याख्या की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति कही गई नकारात्मक बातें कुछ गलत विचार रखने वाले लोगों द्वारा कही गई है न कि सम्पूर्ण समाज द्वारा। विधि विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाह का जिले की आंगनवाड़ी में उत्कृष्ट कार्य करने, लिंगानुपात बढ़ाने की दिशा में प्रेरक कार्य के लिए एवं सुनीता पाटीदार का कोविड काल में की गई उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। संचालन विधि संकाय विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने किया। विधि विभाग के प्राध्यापक राजकुमार साहू, प्रो. केवी विश्वकर्मा, खूबसिंह कुशवाह, मुकेश मालवीय संहित विधि के छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।



विधि विभाग के कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित किया गया। • नईदुनिया

## महिला दिवस पर त्रिदिवसीय सम्मेलन

शुजालपुर। उडान महिला शैक्षणिक व सामाजिक कल्याण समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर त्रिदिवसीय सम्मेलन किया गया। प्रथम दिवस पर उड़ान राष्ट्रीय ध्वज वाहक बनकर राष्ट्र के प्रति अपनी आस्था प्रकट की एवं रक्तदान शिविर आयोजित कर प्रदेश में जिले को उधास्थान पर पहुंचाने में अथक प्रयास करने वाली जया माहेश्वरी का मंच द्वारा सम्मान किया गया।

इसी तारतम्य में नवनियुक्त भाजपा जिला महामंत्री अंजू खत्री व भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा मधु मण्डलोई का स्वागत किया गया। द्वितीय दिवस पर मंडी स्थित गांधी पार्क में महिला मंच द्वारा मंडी की समस्त अस्पताल परिचारिकाओं व समस्त एनएएम का सम्मान किया। वरिष्ठ कस्तूरी करेल, एम. जॉन, सुनीता मैगी, माईकल, मधुलिका मसीह, किरण थोराथा, यतन वर्मा, शमा

# महिलाओं को हाउस वाइफ नहीं बल्कि हाउस मैनेजर कहा जाना चाहिए -न्यायाधीश

भास्कर संवाददाता | शुजालपुर

जवाहरलाल नेहरू स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के विधि विभाग ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि के रूप में सत्र न्यायालय शुजालपुर के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश वान्वंशी उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ अभिभाषक जितेंद्रसिंह गुरेनिया की उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम में सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते हुए विभाग द्वारा सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाह व स्वास्थ्य विभाग की सुनीता पाटीदार को सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर के जरिए रक्त संचय कार्य में प्रमुख योगदान के लिए जया माहेश्वरी को सम्मानित किया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य ने किया। मुख्य अतिथि अपर सत्र न्यायाधीश वानवंशी ने महिलाओं से अन्य महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने की जरूरत को महत्वपूर्ण माना। उन्होंने कहा कि आज की महिलाओं को हाउस वाइफ नहीं बल्कि हाउस मैनेजर कहा जाना चाहिए। वे हर क्षेत्र में अपनी भूमिका बखूबी निभा रही हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. शर्मा ने धार्मिक ग्रन्थों में महिलाओं के सम्मान के प्रति उल्लेखित तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए उसकी व्याख्या की। विधि विभाग ने आंगनवाड़ी से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों, लिंगानुपात बढ़ाने की दिशा में प्रेरक कार्य के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाह एवं कोविड के दौर में प्रदान की गईं। उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवाओं के लिए सुनीता पाटीदार को सम्मानित किया। महाविद्यालय विधि संकाय विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया। आभार प्रदर्शन डॉ. संजय मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विधि विभाग के प्राध्यापक राजकुमार साहू, प्रो. केवी विश्वकर्मा, खूब सिंह कुशवाह, मुकेश मालवीय सहित विधि विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे।



महिलाओं को सम्मानित करते विधि विभाग के अफसर।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर में हुए आयोजन

# महिलाएं हाउस वाइफ नहीं, हाउस मैनेजर हैं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

शुजालपुर. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंगलवार को नगर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित करते हुए सम्मान किया गया। जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय शुजालपुर के विधि विभाग के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश वानखेड़े, विशेष अतिथि अभिभाषक जितेन्द्रसिंह गुर्जर थे। सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते हुए विभाग ने सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाह व स्वास्थ्य विभाग से सुनीता पाटीदार सहित रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरत जया माहेश्वरी का सम्मान किया। अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। मुख्य अतिथि न्यायाधीश वानखेड़े ने महिलाओं को अन्य महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने का महत्वपूर्ण बताया। साथ ही महिलाओं को हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ रहकर तरक्की करने की बात कही। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने धार्मिक ग्रंथों में महिलाओं के प्रति लिखी गई बातों की सकारात्मक व्याख्या करते हुए कहा कि महिलाएं पुरुषों से कमजोर नहीं हैं। इस दौरान विधि संकाय विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी, डॉ. संजय मिश्रा थे।



शुजालपुर. महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल महिला व अन्य।

### नेकी की दीवार को मिला जिला स्तरीय सम्मान

शुजालपुर. नेकी की दीवार, मिर्ची बाजार को कलेक्टर शाजापुर दिनेश जैन द्वारा समाज में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर अम्बाराम कराड़ा, बीना माहेश्वरी आदि की उपस्थिति

patrika.com 11
पत्रिका
भोपाल, बुधवार, 09 मार्च, 2022

14 नवदुनिया
भोपाल, बुधवार 09 मार्च, 2022

# शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर जोर दिया

**शुजालपुर।** मंगलवार की सबुह 9 बजे मंडी स्थित शासकीय जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय में विधि विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शुजालपुर न्यायालय के अपर जिला व सत्र न्यायाधीश हरीश वानवंशी उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ अभिभाषक जितेंद्र सिंह गुरेनिया उपस्थित थे। वहीं सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते हुए विभाग द्वारा सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाह व स्वास्थ्य विभाग से सुनीता पाटीदार को सम्मानित किया गया। साथ ही रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरते जया माहेश्वरी को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा. राजेश कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन से किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्राचार्य शर्मा द्वारा किया गया। वरिष्ठ अभिभाषक गुरेनिया ने अपने उद्बोधन में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की सफलता की कहानियां बताते हुए उनके सशक्तिकरण के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर जोर दियां।

भोपाल, बुधवार 9 मार्च 2022
haribhoomi.com
शाजापुर हरिभूमि

# विधि विभाग ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ शुजालपुर

विधि विभाग, जवाहरलाल नेहरू स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर द्वारा अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस दिनांक 8 मार्च 2022 को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सत्र न्यायालय शुजालपुर के अपर जिला एवम् सत्र न्यायाधीश हरीश वानवंशी उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ अभिभाषक जितेन्द्र सिंह गुरेनिया उपस्थित रहे। सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते हुए विभाग द्वारा सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाह व स्वास्थ्य विभाग से सुनीता पाटीदार को सम्मानित किया गया। साथ ही रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरत जया माहेश्वरी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य द्वारा किया गया। वरिष्ठ अभिभाषक गुरेनिया ने अपने उद्बोधन में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की सफलता की कहानियाँ बताते हुए उनके सशक्तिकरण के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि अपर सत्र न्यायाधीश वानवंशी ने



महिलाओ को अन्य महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने को महत्वपूर्ण बताया, साथ ही महिलाओं को हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ रहकर तरक्की करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में महिला हाऊसवाईफ नहीं है बल्कि हाउस मेनेजर है। वे हर क्षेत्र में अपनी भूमिका बखूबी निभा रही हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. शर्मा ने धार्मिक ग्रन्थों में महिलाओं के प्रति लिखी गयी बातों की सकारात्मक व्याख्या की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति कही गयी नकारात्मक बातें कुछ गलत विचार रखने वाले लोगों द्वारा की गयी है न कि सम्पूर्ण समाज द्वारा। वे पुरुषों से कमतर नहीं है।

महिला दिवस के इस कार्यक्रम में विधि विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाह का जिले की आंगनवाड़ी में उत्कृष्ट कार्य करने, लिंगानुपात बढ़ाने की दिशा में प्रेरक कार्य के लिए एवं सुनीता पाटीदार का कोविड काल में की गई उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। दोनों ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपने कार्यों के बारे में बताया और महिलाओं को पूर्वाग्रह छोड़ कर आगे बढ़ने को कहा। कार्यक्रम का सुन्दर संचालन करते हुए महाविद्यालय के विधि संकाय की विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने कहा कि आज महिला समानता की नहीं बल्कि महिलाओं को अवसर की समानता मिलने की बात करना समीचीन है क्योंकि इस वर्ष का महिला दिवस 'एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता ' विषय पर केंद्रित है। आभार प्रदर्शन डॉ. संजय मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विधि विभाग के प्राध्यापक राजकुमार साहू, प्रो. के वी . विश्वकर्मा, खूबसिंह कुशवाह, मुकेश मालवीय सहित विधि के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

16 नईदुनिया
इंदौर, शुक्रवार 18 फरवरी, 2022

# विवि परीक्षा की पूर्व तैयारी के लिए परीक्षा आयोजित

शुजालपुर। शा जेएनएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्रों की सेमेस्टर परीक्षा की तैयारी हेतु शनिवार से प्री यूनिवर्सिटी टेस्ट आयोजित किए जाएंगे।

विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने बताया कि विगत दो वर्षों से कोरोना संक्रमण के चलते नियमित परीक्षाएं नहीं हो पा रही हैं। साथ ही पारम्परिक पाठ्यक्रमों से विधि की परीक्षा पद्धति कुछ भिन्न होती है। इस हेतु प्रथम वर्ष के छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने के लिए विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व विश्वविद्यालयीन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस से ना केवल विद्यार्थी परीक्षा पद्धति से परिचित होंगे वरन,उन्हें विधि विषय के प्रश्नों के उत्तर किस प्रकार लिखने चाहिए, इसकी जानकारी भी प्राप्त होगी। वहीं प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया गया कि इस नवाचार से छात्रों को अत्यंत लाभ होगा व उनका परीक्षा परिणाम सुधरेगा ।

11 पत्रिका
भोपाल, शुक्रवार 18 फरवरी 2022

# परीक्षा पद्धति से परिचित कराने के लिए होगा टेस्ट

## महाविद्यालय में विधि विभाग की पूर्व परीक्षा 19 से

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

शुजालपुर. विधि विभाग द्वारा विश्वविद्यालयीन परीक्षा तैयारी के लिए पूर्व परीक्षा आयोजित की जाएगी। बताया जाता है कि विधि विभाग जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय महाविद्यालय शुजालपुर द्वारा एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्रों की सेमेस्टर परीक्षा की तैयारी के लिए 19 फरवरी से प्री यूनिवर्सिटी टेस्ट आयोजित किए जा रहे हैं। विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने बताया कि विगत दो वर्षों से कोरोना संक्रमण के चलते नियमित परीक्षा नहीं हो पा रही है। साथ ही पारंपरिक पाठ्यक्रमों से विधि की परीक्षा पद्धति कुछ भिन्न भी होती है। इसके लिए प्रथम वर्ष के छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने के लिए विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व विश्वविद्यालयीन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इससे न केवल विद्यार्थी परीक्षा पद्धति से परिचित होंगे, बल्कि उन्हें विधि विषय के प्रश्नों के उत्तर किस प्रकार लिखने चाहिए, इसकी जानकारी भी प्राप्त होगी। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि इस नवाचार से छात्रों को अत्यंत लाभ होगा व उनका परीक्षा परिणाम सुधरेगा।

16 नवदुनिया
भोपाल, शुक्रवार 18 फरवरी, 2022

## विधि विभाग ने ली परीक्षा

**शुजालपुर।** विधि विभाग ज़वाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर द्वारा एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्रों की सेमेस्टर परीक्षा की तैयारी के लिए 19 फरवरी 2022 से प्री यूनिवर्सिटी टेस्ट आयोजित किए जा रहे हैं। इस सम्बंध में विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दो वर्षो से कोरोना संक्रमण के चलते नियमित परीक्षाएं नहीं हो पा रही हैं। साथ ही पारम्परिक पाठ्यक्रमों से विधि की परीक्षा पद्धति कुछ भिन्न भी होती है। इसके लिए प्रथम वर्ष के छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने के लिए विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व विश्वविद्यालयीन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस से न केवल विद्यार्थी परीक्षा पद्धति से परिचित होंगे वरन उन्हें विधि विषय के प्रश्नों के उत्तर किस प्रकार लिखने चाहिए इसकी जानकारी भी प्राप्त होगी। प्राचार्य डा राजेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि इस नवाचार से छात्रों को अत्यंत लाभ होगा व उनका परीक्षा परिणाम सुधरेगा। (नंप्र)

16 | नईदुनिया
इंदौर, शुक्रवार 18 फरवरी, 2022

# विवि परीक्षा की पूर्व तैयारी के लिए परीक्षा आयोजित

शुजालपुर। शा जेएनएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्रों की सेमेस्टर परीक्षा की तैयारी हेतु शनिवार से प्री यूनिवर्सिटी टेस्ट आयोजित किए जाएंगे।

विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने बताया कि विगत दो वर्षों से कोरोना संक्रमण के चलते नियमित परीक्षाएं नहीं हो पा रही हैं। साथ ही पारम्परिक पाठ्यक्रमों से विधि की परीक्षा पद्धति कुछ भिन्न होती है। इस हेतु प्रथम वर्ष के छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने के लिए विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व विश्वविद्यालयीन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस से ना केवल विद्यार्थी परीक्षा पद्धति से परिचित होंगे वरन,उन्हें विधि विषय के प्रश्नों के उत्तर किस प्रकार लिखने चाहिए, इसकी जानकारी भी प्राप्त होगी। वहीं प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया गया कि इस नवाचार से छात्रों को अत्यंत लाभ होगा व उनका परीक्षा परिणाम सुधरेगा।

दैनिक भास्कर
भोपाल, मंगलवार, 1 फरवरी, 2022 13

विधि के छात्रों के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की जानकारी दी

# अधिवक्ता व्याख्यान माला में छात्रों को बताई फौजदारी मामलों की प्रक्रिया

भास्कर संवाददाता|शुजालपुर

जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा विधि संकाय के छात्रों के लिए एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में शुजालपुर सत्र न्यायालय के वरिष्ठ अभिभाषक हिम्मत सिंह परमार ने भारतीय दंड विधायन के अंतर्गत दंड प्रक्रिया संहिता की जानकारी छात्रों को दी। श्री परमार ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में भारतीय न्यायालयों में फौजदारी मामलों की प्रक्रिया के बारे में बताया। किसी आपराधिक मामले को दंड न्यायालय में किस प्रकार चलाया जाता है, इसे चरणबद्ध तरीके से बताया। प्रथम सूचना प्रतिवेदन, परिवाद, अग्रिम जमानत, जमानती व अजमानतीय मामले, अभियोजन, आरोप आदि को सरल शब्दों में समझाया गया। दंड प्रक्रिया संहिता में दंड न्यायालयों के वर्गीकरण, उनकी शक्तियां, जमानत संबंधी अधिकार को भी बताया गया। सत्र न्यायालय में विचारण की प्रक्रिया की विस्तृत विवेचना की गई। साथ ही समन व वारंट मामलों में भेद विचारण प्रक्रिया एवं संक्षिप्त विचारण को भी बताया। कार्यक्रम के अंत में श्री परमार द्वारा छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने बताया कि छात्रों को विधि का व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए इस व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रख्यात अभिभाषकों द्वारा न्यायालयीन प्रक्रिया के साथ विभिन्न विषयों के प्रकरणों की जानकारी विद्यार्थियों को दी जा रही है जिससे छात्रों को न्यायालय की कार्रवाई का ज्ञान प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. संजय मिश्रा, अतिथि परिचय कृष्णवल्लभ विश्वकर्मा द्वारा किया गया। आभार राजकुमार साहू ने माना। व्याख्यानमाला के आयोजन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

14 नईदुनिया
इंदौर, रविवार 30 जनवरी, 2022

# विधि विभाग के छात्रों के लिए किया विशेष व्याख्यान

**शुजालपुर।** शुक्रवार को शासकीय जेएनएस महाविद्यालय मे विधि विभाग के छात्रों के लिए विशेष व्याख्यानकिया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप उपस्थित सत्र न्यायालय के वरिष्ठ अभिभाषक हिम्मत सिंह परमार ने भारतीय दंड विधायन के अंतर्गत दंड प्रक्रिया संहिता की जानकारी छात्रों को दी।

परमार ने अपने व्याख्यान में भारतीय न्यायालयों में फौजदारी मामलों की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि किसी आपराधिक मामले को दंड न्यायालय में किस प्रकार चलाया जाता है,यह चरणबद्ध तरीके से बताया। वहीं प्रथम सूचना प्रतिवेदन,परिवाद,अग्रिम जमानत, जमानती व अजमानतीय मामले,अभियोजन,आरोप आदि को सरल शब्दों में समझाया गया। दंड प्रक्रिया संहिता में दंड न्यायालयों के वर्गीकरण,उनकी शक्तियां,मानत संबंधी अधिकार को भी बताया गया। सत्र न्यायालय में विचारण की प्रक्रिया की विस्तृत विवेचना भी की गई। साथ ही समन व वारंट मामलों में भेद,विचारण प्रक्रिया एवं संक्षिप्त विचारण को भी बताया। कार्यक्रम के अंत में परमार ने छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने बताया कि छात्रों को विधि का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिये इस व्याख्यानमाला का आयोजन किया,जिसमें प्रख्यात अभिभाषकों के द्वारा न्यायालयीन प्रक्रिया के साथ विभिन्न विषयों के प्रकरणों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई। जिससे छात्रों को न्यायालय की कार्यवाही का ज्ञान प्राप्त होगा।अतिथि परिचय कृष्णवल्लभ विश्वकर्मा ने किया व आभार राजकुमार साहू ने माना। व्याख्यानमाला के आयोजन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने हर्ष व्यक्तकिया गया।

11 पत्रिका
भोपाल, शनिवार 29 जनवरी 2022

# छात्रों को दंड प्रक्रिया संहिता की जानकारी दी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

शुजालपुर. जवाहरलाल नेहरु स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के विधि विभाग ने विधि के छात्रों के लिए एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ अभिभाषक हिम्मतसिंह परमार ने भारतीय दंड विधान के अंतर्गत दंड प्रक्रिया संहिता की जानकारी छात्रों को दी। अभिभाषक परमार ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में भारतीय न्यायालयों में फौजदारी मामलों की प्ररि या के बारे में बताया।

किसी आपराधिक मामले को दंड न्यायालय में किस प्रकार चलाया जाता है, यह चरणबद्ध तरीके से बताया। प्रथम सूचना प्रतिवेदन, परिवाद, अग्रिम जमानत, जमानती व अजमानतीय मामले, अभियोजन, आरोप आदि को सरल शब्दों में समझाया गया। दंड प्ररि या संहिता में दंड न्यायालयों के वर्गीकरण, उनकी शक्तियाँ, जमानत संबंधी अधिकार को भी बताया गया। सत्र न्यायालय में विचारण की प्रक्रिया की विस्तृत विवेचना आपके द्वारा की गई।



शुजालपुर. व्याख्यान में जानकारी देते प्राध्यापक।

साथ ही समन व वारंट मामलों में भेद, विचारण प्रक्रिया एवं संक्षिप्त विचारण को भी बताया। कार्यर म के अंत में अभिभाषक परमार द्वारा छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी द्वारा बताया गया कि छात्रों को विधि का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिये इस व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रख्यात अभिभाषकों के द्वारा न्यायालयीन प्रक्रिया के साथ विभिन्न विषयों के प्रकरणों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही है, जिससे छात्रों को न्यायालय की कार्यवाही का ज्ञान प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. संजय मिश्रा, अतिथि परिचय श्रीकृष्णवल्लभ विश्वकर्मा, आभार राजकुमार साहू ने माना।

स्वदेश

मालवांचल

शनिवार 29 जनवरी, 2022 उज्जैन नगर

### अधिवक्ता व्याख्यानमाला में विशेष व्याख्यान

# भारतीय न्यायालयों में फौजदारी मामलों की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी

शुजालपुर ● स्वदेश समाचार

जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर द्वारा विधि के छात्रों के लिए एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में वरिष्ठ अभिभाषक हिम्मत सिंह परमार ने भारतीय दंड विधायन के अंतर्गत दंड प्रक्रिया संहिता की जानकारी छात्रों को दी।



श्री परमार ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में भारतीय न्यायालयों में फौजदारी मामलों की प्रक्रिया के बारे में बताया। किसी आपराधिक मामले को दंड न्यायालय में किस प्रकार चलाया जाता है, यह चरणबद्ध तरीके से बताया। प्रथम सूचना प्रतिवेदन, परिवाद, अग्रिम जमानत, जमानती व अजमानतीय मामले, अभियोजन, आरोप आदि को सरल शब्दों में समझाया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री परमार द्वारा छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी द्वारा बताया गया कि छात्रों को विधि का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए इस व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रख्यात अभिभाषकों के द्वारा न्यायालयीन प्रक्रिया के साथ विभिन्न विषयों के प्रकरणों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही है, जिससे छात्रों को न्यायालय की कार्यवाई का ज्ञान प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. संजय मिश्रा, अतिथि परिचय कृष्णवल्लभ विश्वकर्मा द्वारा किया गया एवं आभार राजकुमार साहू द्वारा व्यक्त किया गया। व्याख्यानमाला के आयोजन हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

ष्टा. न

पत्रिका

14 patrika.com
भोपाल, बुधवार, 26 जनवरी 2022

विधि के छात्रों के लिए एक विशेष व्याख्यान का आयोजन

# वाद पत्र सावधानी से निर्मित होना चाहिए



शुजालपुर. व्याख्यान में शामिल विधि के छात्र।



शुजालपुर. कार्यक्रम में जानकारी देते प्राध्यापक।

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**शुजालपुर.** विधि विभाग जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर ने विधि के छात्रों के लिए एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यान में शुजालपुर सत्र न्यायालय के वरिष्ठ अभिभाषक केके तिवारी ने सिविल प्रक्रिया संहिता की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि सामान्य रूप से वाद दीवानी होते हैं या फौजदारी, किसी सिविल वाद को किस प्रकार न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है। वाद पत्र क्या होता है, पूर्वन्याय का सिद्धांत कहां लागू होता है, पक्षकार के आवयस्क, विकृतचित्त या निर्धन होने पर क्या प्रावधान है, जयपत्र क्या होता है आदि की जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की। किस मामले में कितना न्यायालय शुल्क लगेगा व मामले में परिसीमा या मर्यादा का क्या प्रभाव होता है यह सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसकी जानकारी के अभाव में पक्षकार को नुकसान हो सकता है। प्रतिवादी की भूल का लाभ वादी को नहीं मिल सकता। वादपत्र अत्यंत सावधानी से निर्मित किया जाना चाहिए। अभिभाषक तिवारी ने छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने बताया कि कोरोना के चलते छात्रों की नियमित परीक्षा नहीं हो पाई है। इसके लिए आगामी परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए इस व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है। छात्रों को विधि का किताबी ज्ञान तो हो जाता है पर न्यायालय से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान नहीं मिल पाता, इसलिए न्यायालय में जाने पर उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे दूर करने के लिये इस व्याख्यानमाला में प्रख्यात अभिभाषकों के द्वारा न्यायालयीन प्रक्रिया के साथ विभिन्न विषयों के प्रकरणों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही है। जिससे छात्रों को न्यायालय की कार्रवाई का ज्ञान प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर डॉ. संजय मिश्रा, श्रीकृष्णवल्लभ विश्वकर्मा उपस्थित थे।

14 नईदुनिया
इंदौर, शनिवार 29 जनवरी, 2022

# छात्रों ने जागरूकता शिविर में ग्रामीणों को दी कानून की जानकारी

शुजालपुर। ग्राम भूगोर में एक दिवसीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार स्थापित लॉ क्लिनिक के अंतर्गत किया गया।

विधि के छात्रों द्वारा इस शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को जानने हेतु उनसे चर्चा की गई और उनके यथासंभव समाधान बताए गए। शिविर प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा एवं भगवान सिंह राठौड़ सरपंच की उपस्थिति में किया गया। विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में जनता में विधिक व्यवस्था को लेकर अनेक भ्रांतियां हैं, उनमें विधिक साक्षरता ना होने से वे विधिक प्रक्रिया का अनुसरण नहीं कर पाते हैं और अपने अधिकारों का उपयोग नहीं कर सकते हैं। विधिक जागरूकता बढ़ाने के वृहत उद्देश्य को लेकर विधि पाठ्यक्रमानुसार विधिक साक्षरता व सहायता शिविर लगाया गया। इस दौरान छात्रों को समाज में फैली विसंगतियों का



ग्राम भूगोर में विधिक शिविर के दौरान उपस्थित विधि के छात्र व छात्राएं। •नईदुनिया

ज्ञान होता है और विधि का व्यावहारिक ज्ञान मिल पाता है। सरपंच राठौड़ ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामवासियों के लिए यह आयोजन बहुत उपयोगी सिद्ध होगा और ग्रामवासियों को विधि संबंधी जानकारी मिली है जो भविष्य में काम आएगी। शिविर के सफल आयोजन में कृष्णवल्लभ विश्वकर्मा, राजकुमार साहू, डॉ. मुकेश मेवाड़ा की सक्रिय सहभागिता रही। छात्रों ने ग्राम में सर्वे कर जनसामान्य की समस्याओं को जाना तथा इस मौके पर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी ग्रामवासियों को दी गई। कोरोना से बचाव के लिए मास्क वितरित किए।

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com

उज्जैन, सोमवार 24 जनवरी, 2022 | 05


## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**शुजालपुर।** विधि विभाग, जवाहरलाल नेहरु स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शुजालपुर द्वारा ग्राम भूगोर में एक दिवसीय विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय शिविर का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार स्थापित लॉ क्लिनिक के अंतर्गत किया गया। विधि के छात्रों द्वारा इस शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को जानने हेतु उनसे चर्चा की गई और उनके यथा संभव समाधान बताए गए। शिविर प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा एवं भगवान सिंह राठौर सरपंच भूगोर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में जनता में विधिक व्यवस्था को लेकर अनेक भ्रांतियाँ है, उनमें विधिक साक्षरता ना होने से वे विधिक प्रक्रिया का अनुसरण नहीं कर पाते हैं और अपने अधिकारों का उपयोग नहीं कर सकते हैं। उनमें विधिक जागरुकता बढाने के वृहत उद्देश्य को लेकर विधि पाठ्यक्रमानुसार लिए विधिक साक्षरता व सहायता शिविर आयोजित किया जाता है, जिससे छात्रों को समाज में फैली विसंगतियों का ज्ञान होता है और विधि का व्यावहारिक ज्ञान उन्हें मिल पाता है।

14 नवदुनिया
भोपाल, सोमवार 24 जनवरी, 2022

करते हुए। ● नवदुनिया

कर्मी द्वारा रोका गया। रुकते ही उसने

# विधिक साक्षरता शिविर में विधि के विद्यार्थियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को जाना

**शुजालपुर (नवदुनिया न्यूज)। विधि विभाग** जवाहरलाल नेहरू स्मृति **स्नातकोत्तर** महाविद्यालय, शुजालपुर द्वारा एक दिवसीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार को ग्राम भूगोर में एक दिवसीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय शिविर का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार स्थापित लॉ क्लिनिक के अंतर्गत किया गया।



शिविर में उपस्थित विधि विभाग के छात्र-छात्राएं। ● नवदुनिया

विधि के छात्रों द्वारा **इस शिविर में** ग्रामीणों की समस्याओं **को जानने के लिए** उनसे **चर्चा** की गई और **उनके** यथा संभव **समाधान बताए** गए। शिविर प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार **शर्मा** व भगवान सिंह जी राठौर, सरपंच, भूगोर की गरिमामयी उपस्थिति **में आयोजित** किया गया। विधि विभागाध्यक्ष ऋतु त्रिवेदी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में जनता विधिक व्यवस्था को लेकर अनेक भ्रांतियां हैं, उनमें विधिक साक्षरता न होने से वे विधिक प्रक्रिया का अनुसरण नहीं कर पाते हैं और अपने अधिकारों का उपयोग नहीं कर सकते हैं। उनमें विधिक जागरूकता बढ़ाने के वृहत उद्देश्य को लेकर विधि पाठ्यक्रमानुसार लिए विधिक **साक्षरता** व सहायता शिविर आयोजित किया जाता है, जिससे छात्रों को समाज में फैली विसंगतियों का ज्ञान होता है और विधि का व्यावहारिक ज्ञान उन्हें मिल **पाता है।** सरपंच **श्री राठौर** ने शिविर की **सराहना** करते हुए कहा कि ग्राम वासियों के लिए यह आयोजन बहुत **महत्वपूर्ण है,** इससे उनकी **विधिक समस्याओं** का निवारण हुआ है। **ऐसे आयोजन समय-**समय पर करवाए जाएंगे। शिविर के सफल आयोजन में डॉ. संजय मिश्रा, कृष्णवल्लभ विश्वकर्मा व राजकुमार साहू, डॉ. **मुकेश** मेवाड़ा की **सक्रिय सहभागिता** रही। विधि **के छात्रों के द्वारा ग्राम में सर्वे भी किया,** जिससे उन्हें **जन** सामान्य की समस्याओं की जानकारी भी प्राप्त हुई, साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं की **जानकारी भी** उन्होंने ग्रामवासियों को उपलब्ध करवाई। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये विधि विभाग द्वारा ग्रामीणों को मास्क भी वितरित किए। शिविर में विधि के छात्रों के साथ महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित थे।